महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गणतंत्र दिवस पर राजधानी रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण : विधानसभा अध्यक्ष जांजगीर-चाम्पा में ध्वज फहराएंगे

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत जांजगीर-चाम्पा में ध्वज फहराएंगे। प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण और विधायकगण ध्वजारोहण कर जनता के नाम मुख्यमंत्री द्वारा जारी संदेश का वाचन करेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कल यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से आदेश जारी कर दिया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत 16, 17 व 18 को कोरबा प्रवास पर

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 16 एवं 17 जनवरी को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. महंत 16 जनवरी को चांपा मार्ग से प्रातः 10.30 बजे मड़वारानी पहुंचेंगे तथा मड़वारानी माता के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करेंगें। इसके बाद वे प्रातः 11 बजे बरपाली में जनपद अध्यक्ष एवं अन्य नागरिकों से भेट करेंगे। प्रातः साढ़े ग्यारह बजे उरगा, कोरबा में डॉ. महंत का स्वागत सम्मान किया जाएगा। वे प्रातः पौने 12 बजे कोरबा शहर पहुंचेंगे। 16 जनवरी को ही विधानसभा अध्यक्ष दोपहर एक बजे छुरी जायेंगे जहां जनप्रतिनिधियों द्वारा नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत-सम्मान किया जाएगा। दोपहर डेढ़ बजे कटघोरा में, दो बजे सुतर्रा में, 2.50 बजे चैतमा तथा तीन बजे पाली में डा. महंत का स्वागत सम्मान होगा। वे शाम 4.30 बजे पाली से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे।

विधानसभा निर्वाचन में कोरबा जिले में 34 उम्मीदवार नहीं बचा पाये जमानत

कोरबा (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान कोरबा जिले की चारो विधानसभाओं में कुल 34 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 158-4 के प्रावधानों के अनुसार सभी 34 उम्मीदवारों से कुल दो लाख पच्चहत्तर हजार रूपये की राशि राजसात की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली

बिलासपुर (आरएनएस)। आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दर्जनभर से ज्यादा च्वाइस सेंटर में ग्रामीणों से अवैध वसूली की जा रही है। इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिली है। जानकारी के अनुसार सेंदरी, सकरी व आसपास के क्षेत्र से इस तरह की शिकायतें अधिकारियों को ज्यादा मिली है।

सख्ती बेअसर, अब तक नहीं पहुंची बैटरी कार

बिलासपुर (आरएनएस)। जोनल स्टेशन में रेल प्रशासन की सख्ती के बाद भी संचालक बची तीन बैटरी कार को नहीं लाया है। अभी भी दो ही कार चल रही है। इससे समय पर यात्रियों को यह सुविधा नहीं मिल पाती है। इस असुविधा का असर सबसे ज्यादा बीमार, बुजुर्ग व दिव्यांग यात्रियों पर पड़ रहा है। रेलवे बोर्ड की इस योजना के तहत हर स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म में एक कार चलाई जानी है।

अधिकारी कामकाज में लाएं कसावट : डीजीपी

कर्मचारियों के समस्याओं को गंभीरता से लें अफसर

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के पुलिस प्रमुख ने एक बार फिर से विभाग के कामकाज में कसावट लाने तथा लंबित प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने का निर्देश मातहतों को दिया है।

तीन पीढ़ियों से काबिज लोगों को वन भूमि के पट्टे दिये जायेंगे : बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सरगुजा क्षेत्र में वन भूमि के पट्टे के प्रकरण अधिक संख्या में निरस्त किये गये हैं, इसकी जांच के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत् 13 दिसम्बर 2005 के पहले वन भूमि पर काबिज और तीन पीढ़ियों से रह रहे लोगों को वन भूमि का पट्टा दिया जायेगा इसके साथ ही सामुदायिक पट्टे भी दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री बघेल आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम तातापानी में आयोजित तातापानी महोत्सव 2019 संक्रांति परब के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्थानीय विधायक की मांग पर तातापानी में 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने बलरामपुर-अम्बिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने वनांचल के रजबंधा से पिपराही मार्ग, चन्दौरा से चलगली मार्ग, बाहरचुरा से भीतरचुरा, पीपरपान से गाजर मार्ग में घाट कटिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर विशाल जनसमूह को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये सरगुजा संभाग के मतदाताओं से कहा कि आपने संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर जीत दिलाई है, जिसकी किसी को कल्पना भी नहीं थी। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से तीन चौथाई बहुमत से छत्तीसगढ़ में पहली बार सरकार बनी है। बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद सबसे पहला काम किसानों का कृषि ऋण माफ करने का कार्य किया गया और इसके लिये किसानों की कृषि ऋण की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल सहकारी बैंक और ग्रामीण विकास बैंकों के कृषि ऋण माफ किये गये हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों के फसल ऋण भी माफ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां किसानों से 25 सौ रूपये क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार, जनता की सरकार है और यह किसान, गरीब, मजदूर और सभी वर्गों की सरकार है और छत्तीसगढ़ के विकास के लिये सभी को मिलकर सरकार चलाना है।

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी बाइकर्स का उत्पात जारी

रायपुर (आरएनएस)। शहर के पाश इलाकों शंकर नगर, गीतांजलि नगर, गायत्री नगर, कटोरा तालाब, तेलीबांधा, जलविहार कालोनी श्याम नगर एवं पंजाबी कालोनी में विधानसभा चुनाव में सरकार परिवर्तित होकर कांग्रेस की सरकार बनने पर भी बुलेट फटाका बाइकर्स द्वारा देर रात सड़कों पर फुल रफ्तार बाइक चलाकर रहवासियों की नींद हराम की जा रही है। आनंद नगर निवासी एलएन तिवारी एवं जल विहार कालोनी निवासी मनोज भंडारकर ने इस पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए डीजीपी छत्तीसगढ़ डीएम अवस्थी से तत्काल रोक बाबत् संबंधितों को निर्देश देने की मांग की है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल एवं एनजीटी द्वारा इस संबंध में पुलिस प्रशासन को ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर कड़े निर्देश दिये गये है। बावजूद इसके देर रात रसूखदार परिवार की संतानों द्वारा सड़कों पर उत्पात करने से रहवासियों के अनुसार उनकी नींद में खलल पड़ता है।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंत्रियों व विधायकों के जिले तय

रायपुर (आरएनएस)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के लिए भूपेश बघेल मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं विधायकों के लिए जिले के नाम तय कर लिए गए है।

सभी मंत्री व विधायक गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

राज्य शासन ने गणतंत्र दिवस पर किए जाने वाले ध्वजारोहण समारोह के लिए मंत्रियों और विधायकों के नामों की सूची जारी कर दी है। इनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे यहां ध्वजारोहण कर पुलिस परेड की सलामी लेंगे। इसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में, मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा जिला मुख्यालय, मंत्री टीएस सिंहदेव सरगुजा जिला मुख्यालय, मंत्री रवीन्द्र चौबे राजनांदगांव जिला मुख्यालय, मंत्री कवासी लखमा बस्तर जिला मुख्यालय, मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम सूरजपुर जिला मुख्यालय, मंत्री उमेश पटेल रायगढ़ जिला मुख्यालय, मंत्री शिवकुमार डहरिया बलौदाबाजार जिला मुख्यालय, मंत्री गुरू रूद्र कुमार महासमुंद जिला मुख्यालय, मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग जिला मुख्यालय, मंत्री मोहम्मद अकबर कवर्धा जिला मुख्यालय, मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया बालौद जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसी प्रकार विधायकों में विधायक अमितेष शुक्ल- गरियाबंद, विधायक आशीष कुमार छावड़ा- बेमेतरा, विधायक मनोज सिंह मंडावी- कांकेर, विधायक मोहन लाल मरकाम- कोण्डागांव, दीपक बैंज- दंतेवाड़ा, विधायक लखेश्वर बघेल- सुकमा, विधायक अंबिका सिंह देव- कोरिया, विधायक बृहस्पत सिंह- बलरामपुर, विधायक रामपुकार सिंह ठाकुर- जशपुर, विधायक रश्मिआशिष सिंह- बिलासपुर, पंचायत अध्यक्ष कुष्णा बघेल- मुंगेली, विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव - धमतरी में ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे।

जनसंपर्क विभाग के अफसर हुए इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। जनसंपर्क विभाग में पदस्थ संयुक्त संचालक, सहायक संचालक और उप संचालक स्तर के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क संचालनालय से जारी आदेशानुसार संयुक्त संचालक केपी साय को रायपुर से बिलासपुर, संयुक्त संचालक हर्षा पौराणिक को बिलासपुर से रायपुर, संयुक्त संचालक संतोष सिंह को अंबिकापुर से रायपुर, संयुक्त संचालक आलोक देव को रायपुर से अंबिकापुर, संयुक्त संचालक धनंजय सिंह राठौर को जनंसपर्क डायरेक्टरेट से सूचना आयोग रायपुर, संयुक्त संचालक डीएस कुशराम को रायपुर से जगदलपुर, उप संचालक बालमुकुंद तंबोली को जगदलपुर से रायपुर, उप संचालक मृगेन्द्र सिंह सोरी को दुर्ग से गरियाबंद, सहायक संचालक सौरव शर्मा को राजनांदगांव से दुर्ग, सहायक संचालक श्रुति ठाकुर को जशपुर से रायपुर, सहायक संचालक नसीम अहमद को रायपुर से जशपुर, सहायक संचालक सुनीता केशरवानी को गरियाबंद से रायपुर तथा सहायक संचालक राजेश श्रीवास को रायपुर से राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया है।

आधार कार्ड नहीं होने पर मरीजों का मेकाहारा में नहीं हो रहा इलाज

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में बिना आधार कार्ड के मरीजों का ओपीडी में नहीं हो रहा है। जिले के बाहर से आए मरीजों से मिली जानकारी के अनुसार 10 रुपये शुल्क देकर टोकन मिलने के बाद भी 100 नम्बर में बैठा नर्सिंग अमला सामने वाली खिड़की में पंजीयन के लिए भेजता है वहां पर बैठा कर्मी बिना आधार कार्ड के मरीजों की पर्ची नहीं बना रहा है। ज्ञातव्य है कि केन्द्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं में पंजीबध्द नहीं होने पर सामान्य मरीज चिकित्सा के लिए बिना आधार कार्ड के तकलीफ भोग रहे है। मनेन्द्रगढ़ के दिनेश साहू, राजनांदगांव की श्रीमती कंचन राठी, छुईखदान के अजय विश्वकर्मा एवं दंतेवाड़ा के विजय नेताम ने प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ कारणों से वे राज्य शासन एवं केन्द्र शासन की योजनाओं में पंजीबध्द नहीं हो पाये।

चार लाख की ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली ने किया समर्पण

जगदलपुर (आरएनएस)। कालीमेला में रहते हुए हिंसक घटनाओं में शामिल 4 लाख की ईनामी महिला नक्सली ने ओड़िशा के मलकानगिरी में समर्पण कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए मलकानगिरी एसपी जगमोहन मीणा ने बताया कि समर्पित नक्सली देबे माधी उर्फ शांति ने माओवादियों की खोखली नीति से मोहभंग होने के बाद समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गई है। मलकानगिरी एसपी व बीएसएफ 144 बटालियन बालीमेला के कमांडेंट

के समक्ष उसने समर्पण किया है। वर्ष 2008 से वह नक्सल पंथ में शामिल होकर एरिया कमेटी मेंबर के रूप में काम कर रही थी। इस दौरान वह कई हिंसक वारदातों में शामिल रही। नक्सली लीडर सुधीर उर्फ धनजंय गोपे की गतिविधियों एवं क्रुरता को वह पंसद नहीं करती थी इसी वजह से उसने समर्पण करना ही उचित समझते हुए मुख्यधारा में शामिल हो गई। मूलतः कालीमेला थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुलकोण्डा की रहने वाली शांति दर्जन भर से अधिक वारदातों में शामिल थी। वर्ष 2008 से 2011 तक वह कालीमेला दलम में थी। इसके बाद वर्ष 2012 में वह कालीमेला एलओएस में शामिल रहते हुए गुम्मा एरिया कमेटी के कटऑफ एरिया में रही इस दौरान उस पर 4 लाख का ईनाम घोषित किया गया था।

हाईकोर्ट की निगरानी में होगा बिलासपुर-रायपुर फोरलेन का निर्माण

बिलासपुर (आरएनएस)। अब हाईकोर्ट की निगरानी में होगा बिलासपुर-रायपुर फोरलेन का निर्माण बिलासपुर।

बिलासपुर-रायपुर फोरलेन के निर्माण में लगातार हो रही लेटलतीफी से नाराज हाईकोर्ट ने इसके काम को अब अपनी निगरानी में ले लिया है। कोर्ट ने एनएचआई निर्माण कंपनी के पेटी ठेकेदारों को सीधे भुगतान

कर 30 मई तक काम पूरा करने का आदेश दिया है। साथ ही पूंज एलायड, एलएंडटी व राज्य शासन को शपथ-पत्र प्रस्तुत करने कहा है। सोमवार को चीफ जस्टिस अजय कुमार त्रिपाठी व पीपी साहू की डीबी में रायपुर-बिलासपुर फोर व सिक्सलेन का निर्माण समय पर पूरा नहीं होने को लेकर जनहित याचिका में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में नेशनल हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी करने वाले एसडीएम कार्यालय के क्लर्क के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

चिप वाले एटीएम नहीं मिलने से बैंकों में लग रही भीड़

जगदलपुर (आरएनएस)। लोगों के साधारण डेबिट कार्ड से किसी भी एटीएम से रूपये नहीं मिल रहे हैं।

लोगों ने चिप वाले नए डेबिट कार्ड के लिए बैकों में आवेदन किए हैं। लेकिन 15 दिनों बाद भी बैंक प्रबंधन अपने ग्राहकों को कार्ड उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। इसके चलते लोग रूपये निकालने बैंक पहुंच रहे हैं। इसलिए यहां के कैश काउंटरों के सामने ग्राहकों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं।

जब से साधारण डेबिट कार्ड को बैन किया गया है, लोगों को रूपये- पैसे की बड़ी परेशानी हो रही है। न वे किसी एटीएम से रूपये निकाल पा रहे हैं न ही मशीन में स्वाइप कर कोई सामान खरीद पा रहे हैं।

अगली फिल्म के लिये डाइटिंग कर रहे हैं आमिर खान

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपनी अगली फिल्म के लिये डाइटिंग कर रहे हैं। आमिर खान की पिछले वर्ष फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' प्रदर्शित हुयी थी। वह अपने अगले प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। वह फिल्म के किरदार में खुद को फिट करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। वजन घटाना हो या फिर बढ़ाना हो, वे कभी भी इससे पीछे नहीं हटते। वह अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए डाइटिंग कर रहे हैं।

आमिर से जब पूछा गया कि वे आम तौर पर रविवार क्या लेना पसंद करते हैं? उन्होंने कहा कि पहले मैं कई सारी चीजें लेना पसंद करता था लेकिन इस समय मैं अपनी नई फिल्म की वजह से सख्त डाइट पर हूं।

ज्यादा नींबू पानी पीना भी हो सकता है खतरनाक

ऐसे लोग जो वजन कम करने में लगे हैं, उनमें से ज्यादातर लोग अपने दिन की शुरुआत नींबू पानी पी कर ही करते हैं। पर क्या आपको मालूम है कि जरूरत से भी ज्यादा नींबू पानी पीना भी शरीर के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। हमारे शरीर को विटमिन सी केवल नींबू से ही नहीं बल्कि कई अन्य खाद्य पदार्थों से भी मिलता है जिसे हम रोजाना जाने अनजाने अपने खाने में इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक नींबू पानी के सेवन से कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं...

बीमारी दूर करने के लिए न पिएं

आयुर्वेदाचार्य डॉ. सरोज पांडेय कहते हैं, नींबू पानी को कभी भी किसी प्रकार की बीमारी को दूर करने के लिए नहीं पीना चाहिये। अगर आपको इसे पीने के बाद कोई साइड इफेक्ट महसूस हो तो तुरंत इसका सेवन बंद कर दें।

दांतों का संवेदनशील होना

नींबू में साइट्रस ऐसिड होता है। अगर यह ऐसिड बहुत ज्यादा दांतों के संपर्क में आए तो यह संवेदनशील हो जाते हैं। अगर आपको नींबू पानी पीना भी है तो उसे हमेशा स्ट्रॉ से पिएं, जिससे पानी दांतों को न छुए।

सीने में जलन

अगर आपको ऐसिडिटी की समस्या है तो नींबू का सेवन बंद कर दीजिये क्योंकि इसमें ऐसिड होता है। यह ऐसिडिक जूस आपके पेट पर असर डालता है और खट्टी डकार जैसी समस्या आने लगती है। वे लोग जिन्हें पेट का अल्सर है उन्हें नींबू से परेशानी पैदा हो सकती है और बीमारी जल्द ठीक नहीं होगी।

उल्टी और पेट खराब

कई बार लोग खाना पचाने के लिए नींबू के रस का सेवन करते हैं। पर पेट में ज्यादा ऐसिड हो जाने की वजह से पेट खराब हो सकता है।

7 लाख का गांजा समेत 4 तस्कर सपड़ाए

कोंडागांव (आरएनएस)। पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 पर दो वाहनों की चेकिंग के दौरान 7 लाख 34 हजार रुपए का गांजा पकड़ा। फरसगांव थाना प्रभारी ने बताया मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जगदलपुर की ओर से आ रही दो पिकअप को चेक किया। 146 किलो गांजा मिला। इसकी कीमत बाजार में सात लाख से ज्यादा है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले

सूचना के आधार एपी 07वाई 5544 वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसमें 16 पैकेटों में रखा 45 किलो 670 किलो गांजा मिला। बिहार के रहने वाले विनय कुमार और दिलेश सिंह को पकड़ा। दूसरी घटना में यूपी 70 एफटी 2373 नंबर की गाड़ी तलाशी लेने पर उसमें 101 किलो 304 ग्राम गांजा मिला।

इस साल शुरू हो जाएगी मुन्ना भाई 3 की शूटिंग

बॉलिवुड की सबसे ज्यादा पसंद की गई फ्रैंचाइज में से एक मुन्ना भाई सीरीज का इंतजार दर्शक पिछले कई साल से कर रहे हैं। इसमें संजय दत्त और अरशद वारसी लीड रोल में थे। पिछले काफी समय से इस सीरीज की तीसरी फिल्म की चर्चा मीडिया में चल रही है। कहा जा रहा है कि मुन्ना भाई 3 की शूटिंग 2 साल पहले ही शुरू होने वाली थी लेकिन तभी संजय दत्त जेल चले गए थे।

पिछले साल फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने कन्फर्म किया था कि वह इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने इस फिल्म पर काम करने की बजाय संजय दत्त की बायॉपिक पर काम करना शुरू कर दिया। अब इतने सालों बाद फाइनली यह खबर आ रही है कि मुन्ना भाई सीरीज की तीसरी फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इस बात को फिल्म में सर्किट का किरदार निभाने वाले अरशद वारसी ने भी कन्फर्म किया है। हाल में अपनी अगली फिल्म फ्रॉड सैंया के प्रमोशन में बिजी अरशद ने बताया है कि मुन्ना भाई 3 की स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार है और इस साल इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।

अरशद ने मीडिया को बताया, मुझे पता है कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है।

एबीसीडी-3 में वरुण के साथ जोड़ी जमाएगी श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर वरुण धवन के साथ जोड़ी जमाती नजर आ सकती है।

बॉलीवुड निर्देशक रेमो डिसूजा एबीसीडी-3 बनाने जा रहे हैं। पहले इस फिल्म के लिये वरुण के अपोजिट कैटरीना कैफ का चयन किया गया था लेकिन उनके फिल्म से वॉकआउट होने के बाद चर्चा हो रही थी कि नोरा फतेही अब कैटरीना की जगह ले सकती हैं। हालांकि इस बारे में कोई भी आधिकारिक एलान नहीं किया गया। अब इस फिल्म से श्रद्धा कपूर का नाम जुड़ने लगा है। ट्रेड एनलिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट करके ये भी साफ कर दिया है कि वरुण और श्रद्धा की जोड़ी फिल्म में होना तय है। फिल्म की पिछली कड़ी एबीसीडी-2 में फैन्स वरुण और श्रद्धा कपूर की जोड़ी पर्दे पर देख चुके हैं।